

हमारा दून

## संक्षिप्त समाचार

### सीएम ने फहराया सौ फीट ऊंचा तिरंगा

**संवाददाता** देहरादून/पिथौरागढ़। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शनिवार को पिथौरागढ़ में जिला मुख्यालय के चंडाक रोड स्थित वरदायिनी मंदिर परिसर में आयोजित आजादी के अमृत महोत्सव कार्यक्रम में प्रतिभाग किया। इस अवसर पर उन्होंने नव निर्मित 100 फीट ऊंचाई का तिरंगा फहराया। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह भूमि देव एवं वीरों की भूमि है। तिरंगा युवाओं में देश भक्ति का जज्बे के साथ ही देश के लिए कुछ करने के लिए प्रेरित करता है। इस अवसर पर पेयजल मंत्री बिशन सिंह चुफाल, विधायक पिथौरागढ़ श्रीमती चंद्रा पंत, अध्यक्ष नगर पालिका राजेद्र रावत, आयुक्त कुमाऊं सुशील कुमार,आईजी निलेश आनंद भरणे, जिलाधिकारी डॉ आशीष कुमार चौहान, पुलिस अधीक्षक लोकेश्वर सिंह मौजूद थे।

### शिक्षा मंत्री अरविंद पांडेय का पूर्व सीएम हरीश रावत पर प्रहार

**संवाददाता** देहरादून। शिक्षा मंत्री अरविंद पांडेय ने पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत के रोजगार संबंधी बयान पर पलटवार किया है। उन्होंने कहा कि सिर्फ शिक्षा विभाग ने राज्य में करीब 10 हजार व्यक्तियों को रोजगार दिया है। पूर्व मुख्यमंत्री एवं प्रदेश कांग्रेस चुनाव अभियान समिति अध्यक्ष हरीश रावत ने बीते रोज हल्द्वानी में कांग्रेस की विजय शंखनाद रैली में सरकार पर बड़ा आरोप लगाया था।

### आर्थिक रूप से कमजोर लोगों को स्पीकर ने बांटे आर्थिक सहायता के चेक

**संवाददाता** ऋषिकेश। कैंप कार्यालय ऋषिकेश में उत्तराखण्ड विधान सभा अध्यक्ष प्रेम चन्द अग्रवाल ने इगास पर्व की पूर्व संध्या पर आर्थिक रूप से कमजोर 101 लोगों को 6 लाख रुपए के आर्थिक सहायता के चेक वितरित किये। अग्रवाल ने कहा कि गरीब एवं जरूरतमंद लोगों के लिए वह हर पल सहायता प्रदान करने के लिए तत्पर हैं। इस अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि अध्यक्ष विवेकाधीन कोष से दी जाने वाली राशि केवल सहायता मात्र है यह कोई योजना नहीं है।

### चारधाम यात्रा बस टर्मिनल की हेल्प डेस्क जारी

**संवाददाता** देहरादून। बदरीनाथ यात्रा 20 नवंबर कपाट बंद होने तक जारी है। ऋषिकेश स्थित चारधाम यात्रा बस टर्मिनल पर सभी विभागों यथा चिकित्सा, पुलिस, परिवहन,पर्यटन–देवस्थानम, नगरनिगम, हेल्प डेस्क अभी भी कार्यरत हैं। हरिद्वार एवं ऋषिकेश यात्रा बस अड्डे से तीर्थयात्री बदरीनाथ धाम रवाना हो रहे है। बदरीनाथ में सभी व्यवस्थायें सुचारू हैं। 20 नवंबर को बदरीनाथ धाम के कपाट शीतकाल हेतु बंद हो जायेंगे।

# विकास कार्यों को पूर्ण करने में शीघ्र ही दिखना चाहिए परिणाम

**बैठक**

■ सीएम ने विभागीय अधिकारियों के साथ बैठक कर जिले में संचालित विकास कार्यों एवं योजनाओं की समीक्षा की

**संवाददाता**



देहरादून/पिथौरागढ़। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने पिथौरागढ़ में विकास भवन सभागार में विभागीय अधिकारियों के साथ बैठक कर जिले में संचालित विकास कार्यों एवं योजनाओं की समीक्षा के अतिरिक्त जिले की मुख्य समस्याओं के बारे में अधिकारियों से जानकारी ली। उन्होंने संचालित प्रमुख निर्माण कार्यों की भी जानकारी ली।

मुख्यमंत्री ने निर्माणाधीन बेस चिकित्सालय भवन के निर्माण की प्रगति की समीक्षा करते हुए कार्यदाई संस्था को यथाशीघ्र कार्य पूर्ण करने एवं बेस चिकित्सालय को एक माह के भीतर संचालित करने के निर्देश दिए। उन्होंने आगामी 10 दिन के भीतर जिला एवं महिला चिकित्सालय में सभी आवश्यक व्यवस्थाओं में सुधार लाने के निर्देश जिलाधिकारी एवं मुख्य चिकित्साधिकारी को दिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि धनराशि अवमुक्त करने के बावजूद भी पिथौरागढ़ मेडिकल कालेज निर्माण का कार्य प्रारम्भ नहीं हुआ है, इस पर नाराजगी व्यक्त करते हुए उन्होंने जल्द निर्माण कार्य शुरू करने के निर्देश दिए।

बैठक में जनप्रतिनिधियों द्वारा कोरोना काल में स्वास्थ्य विभाग द्वारा संविदा के तहत रखे गए स्वास्थ्य कर्मी जिन्हें वर्तमान में हटा दिया गया है, उन्हें पुनः सेवा में रखे जाने की मांग पर मुख्यमंत्री द्वारा सचिव चिकित्सा को दूरभाष पर जिले में पूर्व में रखे गए इन संविदा चिकित्सा कर्मियों को पुनः आगामी 31 मार्च 2022 तक रखे जाने के निर्देश दिए गए। इसके लिए जिलाधिकारी को शीघ्र ही प्रस्ताव भी शासन को भेजने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि इन कार्मिकों का पूर्व में की गई सेवाओं का वेतन भुगतान हेतु मुख्यमंत्री राहत कोष से धनराशि भी जारी कर दी गयी है।

बैठक में जिला मुख्यालय में वाहन पार्किंग की समस्या के सम्बन्ध में आवश्यक प्रस्ताव उपलब्ध कराए जाने के साथ ही मुख्यमंत्री ने आगामी 10 दिनों में जिला मुख्यालय में निर्मित बहुमंजिला कार पार्किंग को हस्तान्तरित करते हुए संचालित करने के निर्देश दिये। बैठक में तहसील धारचूला के काली नदी किनारे तटबंध निर्माण की समीक्षा के दौरान सिंचाई विभाग के अधिकारियों द्वारा अवगत कराया कि धारचूला के काली नदी किनारे भू कटाव की रोकथाम हेतु प्रस्ताव शासन को भेजा गया है उक्त संबंध में मुख्यमंत्री ने कहा कि एक सप्ताह के भीतर स्वीकृति प्रदान कर दी जाएगी। शासन से स्वीकृति पश्चात शीघ्र ही टेंडर की कार्यवाही करते हुए कार्य प्रारम्भ किया जाए।

बैठक में जिले में आपदा राहत एवं पुनर्वास कार्यों की समीक्षा करते हुए मुख्यमंत्री ने जिलाधिकारी को निर्देश दिए कि पुनर्वास के सभी प्रकरणों को निस्तारित करते हुए आपदा प्रभावितों की हर संभव मदद करते हुए राहत सामग्री आदि वितरित करें। जिले के नैनीसैनी हवाई पट्टी से नियमित उड़ानों के संचालन के संबंध में समीक्षा करते हुए मुख्यमंत्री ने बैठक से ही सचिव उड्डयन उत्तराखंड को आवश्यक निर्देश देते हुए कहा कि त्वरित कार्यवाही करते हुए राज्य सरकार के स्टेट प्लेन के माध्यम से हवाई यात्रा शुरु करने की कार्यवाही की जाय। उन्होंने कहा कि शीघ्र ही नैनीसैनी से हवाई सेवाएं सुचारू की जाय इस संबंध में उन्होंने जिलाधिकारी पिथौरागढ़ एवं आयुक्त कुमाऊँ को भी तत्काल कार्यवाही के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि विकास कार्यों को पूर्ण करने में परिणाम शीघ्र ही दिखना चाहिए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि निर्माण कार्यों में पूर्व गुणवत्ता, पारदर्शिता एवं समयबद्धता का विशेष ध्यान रखा जाय तथा गलत कार्य करने वाली एजेंसियों के खिलाफ जिलाधिकारी त्वरित कार्यवाही करें। बैठक से पूर्व मुख्यमंत्री द्वारा विकास भवन सभागार में जनता मिलन कार्यक्रम अन्तर्गत आम जनता तथा विभिन्न संगठनों आदि की समस्याएं भी सुनी।

### 234 घोषणाओं में से 63 पूर्ण

मुख्यमंत्री घोषणा अन्तर्गत 234 घोषणाओं में से 63 पूर्ण हो गई है शेष में कार्यवाही गतिमान है। मुख्यमंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री घोषणाओं को शीघ्र ही पूर्ण करें। इसके अतिरिक्त जिले में वर्तमान तक चारों सैक्टरों अंतर्गत कुल 85.69 प्रतिशत धनराशि व्यय कर ली गई है।

# ट्रांसजेंडर्स के शपथ दिलाने के साथ ही हुई रैली की शुरुआत

**रैली**

■ आंगनबाड़ी वर्कर्स और बीएलओ ने निकाली मतदाता जागरूकता रैली

**संवाददाता**



देहरादून। स्वीप कार्यक्रम के तहत मतदाताओं को जागरूक करने के लिए शनिवार को जिले की सभी तहसीलों में आंगनबाड़ी वर्कर्स और बीएलओ की ओर से स्कूटर रैली निकाली गई। इस मौके पर सिटी मजिस्ट्रेट कुसुम चौहान ने फ्लैग ऑफ कर के रैली की शुरुआत की। इस मौके पर उन्होंने कहा कि एक जनवरी 2022 को जो लोग 18 साल की आयु पूरी कर रहे हैं उनको मतदाता बनाना हमारा लक्ष्य है। इसी क्रम में मतदाता जागरूकता रैली निकाली जा रही है।

इससे पहले रैली की शुरुआत परेड ग्राउंड से हुई। यहाँ सुबह 8.30 बजे आंगनबाड़ी वर्कर्स और बीएलओ एकत्रित हुए। इस मौके पर सभी ने अपने टू–व्हीलर्स पर मतदाताओं को जागरूक करने के लिए पोस्टर चिपकाए। इस मौके पर ट्रांसजेंडर अदिति शर्मा, गज़ल और करिश्मा ने बिना प्रलोभन के मताधिकार का प्रयोग करने की शपथ के साथ रैली की शुरुआत करवाई। सिटी मजिस्ट्रेट कुसुम चौहान ने कहा कि हमारे जिले को 2 लाख नए मतदाताओं का लक्ष्य दिया गया है। इस क्रम में ये जागरूकता रैली निकाली गई है। इसके तहत घर–घर जाकर और पोस्टर चिपकाकर आँगबाड़ी वर्कर्स की ओर से लोगों को जागरूक किया जाएगा। स्वीप प्रोग्राम के जिला नोडल अधिकारी डॉ अखिलेश मिश्र ने बताया कि इस प्रोग्राम के तहत जिला स्तर पर जागरूकता कार्यक्रम चलाया जा रहा है। शनिवार को सभी तहसीलों में आंगनबाड़ी वर्कर्स की ओर से जागरूकता रैली निकाली गई। शनिवार और रविवार को सभी बीएलओ सुबह 10 बजे से शाम छह बजे तक पोलिंग बूथों पर बैठेंगी। इस दौरान 1 जनवरी 2022 को 18 वर्ष की आयु पूरी करने वाले मतदाताओं को का नाम मतदाता सूची में शामिल किया जाएगा। साथ ही ऐसे मतदाता जिनकी मृत्य हो गयी है। उनका नाम काटा जाएगा।

### बाइक को बचाने के प्रयास में कार अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकराई

**संवाददाता** ऋषिकेश। बाइक सवार को बचाने के प्रयास में एक कार अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गई। गनीमत रहेगी कोई बड़ा हादसा नहीं हुआ। घटना शनिवार दोपहर करीब 3रू30 बजे ऋषिकेश देहरादून मार्ग पर डांडी के समीप हुई। चमोली निवासी सुरेंद्र सिंह अपने परिवार के साथ स्विफ्ट कार से देहरादून की ओर जा रहे थे। रानीपोखरी डांडी के समीप अचानक एक बाइक सवार बिना इंडिकेटर दिए कार के आगे आ गया। जिसे बचाने के लिए कार चालक ने कार को बायीं ओर काट दिया। जिससे कार अनियंत्रित होकर सड़क के बीच डिवाइडर से टकरा गई। टक्कर होते ही कार के एयर बैग खुल गए, जिससे कार सवार किसी को भी अधिक चोट नहीं आई। कार में दो बच्चे और एक महिला सहित कुल पांच लोग सवार थे।




**स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक**
**प्रदीप चौधरी**
द्वारा
एल.के प्रिटर्स,74/9,आराघर,देहरादून से मुद्रित
व जाखन जोहड़ी रोड, पी.ओ–राजपुर, देहरादून से प्रकाशित।
**संपादकः प्रदीप चौधरी**

**सिटी कार्यालयः**
शिवम् मार्केट, द्वितीय तल दर्शनलाल चौक, देहरादून।

(M) 9319700701
pagethreedaily@gmail.com
आर.एन.आई.नं0
UTTHIN\2005\15735
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र देहरादून ही मान्य होगा।